गौशालाओं में मनाई गोपाष्टमी

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व नगर आयुक्त ने गायों को खिलाया गुड़–चना

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम द्वारा संचालित गौवंशीय स्थलों पर गोपाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

नगर निगम द्वारा गोपाष्टमी के पर्व पर सिंचाई विभाग कार्यालय प्रांगण में नंदीशाला एवं मघई टोला स्थित गौशाला में विशेष उत्सव मनाने हेतु भव्य समारोह किया।

गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर सुबह से ही गौवंशीय स्थलों पर विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया तथा गौवंशीय स्थलों पर झालर लगाकर सजावट की गई। गोपाष्टमी के पर्व पर राष्ट्रीय गौरक्षक दल के अध्यक्ष श्यामाचार महाराज द्वारा गौपूजन किया गया। वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गोपाष्टमी के पर्व पर

गाय की पूजा करते नगरायुक्त

गौपूजन में प्रतिभाग किया। उन्होंने गायों को गुड़,चना खिलाकर गौसेवा की। मघई टोला स्थित गौशाला में श्यामाचार महाराज एवं नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने गायों की सेवा कर सरसों का साग,गुड़ एवं केला खिलाये। गोपाष्टमी पर गौवंशीय स्थलों पर कार्यक्रम में पूनम मेहरोत्रा द्वारा गोबर से बने उत्पादों की स्टॉल लगाकर उसको प्रदर्शित किया गया।

नगर आयुक्त ने गौवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण कराया तथा जिन गौवंशीय पशुओं का इयरटैगिंग नहीं था उनका इयरटैगिंग कराया। सिंचाई विभाग कार्यालय प्रांगण नंदीशाला में नगर आयुक्त ने नंदीयों को हरी सब्जियां खिलाई। गौवंशीय पशुओं को नियमित रूप से खिलाये जा रहे भूसा, हरा चारा, चोकर के अतिरिक्त अनुपूरक आहार के रूप में पशु चिकित्सा अधिकारी से परामर्श प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गौसेवा की गई। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, महाप्रबंधक जल वी0एन0 द्विवेदी,सहायक अभियंता जल पी0के0 सिंह एवं गौरक्षा दल के लोग उपस्थित रहे।

गोपाष्टमी पर गायों का पूजन

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। ब्लाक सिंधौली की गौशाला डुंगरौची गऊंटिया में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गाय पूजन किया गया। पशु अस्पताल सिंधौली में कार्यरत पैरावेट सोनू गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश यादव, ग्राम प्रधान ने संयुक्त रूप से गौ पूजन किया। गायों को तिलक बंधन कर पुष्पमाला अर्पित कर गुड़ खिलाई गई।